**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक 31.05.2024** **समय 18.30**

- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को बिजली, पानी और चिकित्सा सुविधाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए।**
- **प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर अधिकतम तापमान में कमी के बावजूद भीषण गर्मी –नये पश्चिमी विक्षोभ से कुछ जगह बारिश के आसार।**
- **लोकसभा चुनावों के सातवें और अंतिम चरण का मतदान कल।**
- **देशभर में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए सैम्पल लेने के मामले में राजस्थान पहले स्थान पर।**

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज एक उच्च स्तरीय बैठक कर विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों प्रमुख सचिवों तथा सचिवों को लू की इस स्थिति में जनता को हर हाल में राहत देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री सभागार में हुई इस बैठक से संभागीय आयुक्त और सभी जिलों के जिला कलेक्टर भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े। बैठक में मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टर को निर्देश दिए कि गांव और शहरों में लोगों को बिजली और पानी मिलना चाहिए । इन दोनों जरूरी सुविधाओं से संबंधित शिकायतों का तुरंत निस्तारण किया जाना चाहिए। उन्होंने अस्पतालों की स्थिति सुधारने और मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए जरूरी प्रबंध करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे दफ्तर में न बैठे बल्कि फील्ड में रहकर व्यवस्थाओं का निर्देशन करें और उन्हें सुचारु करने के लिए मेहनत करें।

000

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राज्य की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा सरकार भीषण गर्मी और हीट वेव के प्रबंधन में पूरी तरह विफल रही है। आज एक वीडियो संदेश जारी कर श्री डोटासरा ने कहा कि सरकार अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद मृतकों को मुआवजा देने से बचने के लिए मौत के आंकड़े छिपाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने दावा किया कि एसएमएस अस्पताल में रोज मृतकों के शव आ रहे हैं। जहां हीटवेव से मौत के बाद करीब 40 अज्ञात लोगों के शव मोर्चरी में हैं।

000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर अधिकतम तापमान में कमी के बावजूद भीषण गर्मी से लोग परेशान रहे। कोटा में कल की बारिश के बाद आज थोडी राहत रही। जयपुर में कल के मुकाबले लू का असर थोड़ा कम हुआ, लेकिन चूरू में आज भी भीषण लू के कारण लोग घरो में ही बंद रहे। वहीं हनुमानगढ में आज भी पारा 46 डिग्री पर पहुंच गया। प्रदेश के सरहदी इलाकों में भी गर्मी से जनजीवन प्रभावित रहा। सवाईमाधोपुर में तेज गर्मी के कारण दिनभर बाजार सूने रहे। राजसमंद में आज पारा 41 दशमलव 5 डिग्री दर्ज हुआ। तेज गर्मी से दिनभर सड़कों पर सन्नाटा रहा। टोंक में 44 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। मौसम विभाग ने आज भरतपुर, जयपुर संभागों में कहीं–कहीं पर वर्षा होने की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी 24 घंटों में भी भरतपुर, जयपुर संभागों और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं पर बारिश के आसार हैं।

000

लोकसभा चुनावों के सातवें और अंतिम चरण का मतदान कल होगा। इस चरण में सात राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। इनमें उत्तर प्रदेश और पंजाब की 13–13 सीटें, पश्चिम बंगाल की 09, बिहार की 08, ओडिसा की 06, हिमाचल प्रदेश की 04, झारखंड की तीन और चंडीगढ़ की एक सीट शामिल है। मतदान सवेरे सात बजे शुरू होकर शाम पांच बजे तक चलेगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी और अनुराग ठाकुर तथा कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह और तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी सहित कई प्रमुख नेताओं का राजनीतिक भविष्य कल ईवीएम में बंद हो जाएगा। निर्बाध और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित

करने के लिए निर्वाचन आयोग ने व्यापक प्रबंध किए हैं। मतदान केन्द्रों पर छाया, पेयजल, शौचालय, व्हील चेयर और बिजली के माकूल इंतजाम किये गये हैं।

000

लोकसभा चुनाव की 4 जून को होने वाली मतगणना से पहले आज जयपुर में प्रदेश भारतीय जनता पार्टी की दो दिन की बैठक शुरू हुई। पहले दिन भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने भवन निर्माण समिति की बैठक ली, जिसमें प्रदेश चुनाव सहप्रभारी विजया रहाटकर, महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल, उपाध्यक्ष अजयपाल सिंह, कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए सीपी जोशी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजस्थान के लोगों के आशीर्वाद से विरासत को आगे बढ़ाया जाएगा।

000

देशभर में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए एन्फोर्समेंट सैम्पल लेने में राजस्थान ने पहला स्थान हासिल किया है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के मुकाबले राजस्थान ने करीब 3 गुना सैम्पल एकत्र कर यह उपलब्धि हासिल की है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रदेश में खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। राजस्थान ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक सैम्पल लेते हुए 284 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान ने बताया कि प्रदेश में जल्द ही 200 और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया पूरी होने से मिलावट के खिलाफ अभियान को गति मिलेगी और आमजन को शुद्ध पदार्थों की आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

000

आज तंबाकू निषेध दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जयपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय में इस अवसर पर आमजन में तम्बाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। संस्थान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. अनुपम श्रीवास्तव ने किया। शिविर में प्रोफेसर अनिता शर्मा ने तम्बाकू से होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रकार के नशे में लिप्त रोगियों का आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से उपचार करने के साथ अनुसन्धान कार्य भी किया जा रहा है। संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि आज बड़े शहरों से लेकर ग्रामीण इलाकों में नशे की लत फैशन में बदलती जा रही है, जिसके कारण युवा पीढ़ी में कम उम्र में ही कई दुष्प्रभाव देखने को मिल रहे है। नशे की लत से दूर रहकर ही हम अपने भविष्य और जीवन दोनों को बचा सकते है। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम की एनटीसीपी सेल ने शहर के प्रमुख स्थानों पर तंबाकू विक्रेताओं के कोटपा एक्ट में चालान किए। इस अवसर पर जिलों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। करौली जिले में आज से राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड कार्यालय द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन, नारा लेखन के कार्यक्रम हुए। हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी कस्बे में भी जागरूकता कार्यक्रम हुआ। सवाईमाधोपुर जिले में जागरूकता रैली निकाली गई। वहीं जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों, कॉलेजों, नर्सिंग कॉलेजो में स्टाफ और मरीजों को तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ दिलवाई गयी। स्काउट गाइड द्वारा रैली और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पाली के बांगड़ अस्पताल में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम में बताया गया कि ब्लड प्रेशर बढ़ने का मूल कारण नशा, तम्बाकू और धूम्रपान का सेवन करना है। केकडी में भी तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ ली गई। प्रदेश में मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत राज्य में इनकी तस्करी में लिप्त अभियुक्तों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत श्रीगंगानगर जिले में युवाओं को नशे के दलदल से बाहर निकालने के लिए स्थानीय स्तर पर 'ऑपरेशन सीमा संकल्प' चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज थाना जवाहर नगर इलाके में एक कुख्यात तस्कर के परिवार के 3 सदस्यों के अवैध कब्जे पर बुलडोजर चला कर सरकारी सम्पति को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

000

देवी अहिल्याबाई होल्कर की 299 वी जयंती पर जिलों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। शाहपुरा जिले में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिले के अरनिया घोड़ा देवनारायण भगवान के मंदिर परिसर में जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं का सम्मान किया गया। भरतपुर में सूरजपोल चौराहे पर अहिल्या बाई की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की गई। बाद में शहर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में 6 से ज्यादा झांकियां शामिल रही।

000

प्रदेश में दो अलग–अलग घटनाओं में पांच लोगों की डूबने से मौत हो गई। जोधपुर ग्रामीण जिले में खेत में बनी पानी की डिग्गी में डूबने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। पीपाड तहसील के बाड़ा खुर्द गांव में खेत में पानी की डिग्गी में एक बच्चे के डूबने के बाद उसकी बहन डिग्गी में उतरी लेकिन वो अपने को संभाल नहीं पायी दोनों को डूबता देख उनकी मां भी पानी में कूद गई और बच्चों को बचाने के प्रयास में वो भी डिग्गी में डूब गई। पुलिस ने तीनों के शव निकालकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिये। उधर उदयपुर के गंगू कुंड में डूबने से 2 लोगों की मृत्यु हो गई। ये दोनों लोग वहां नहाने गये थे। इस दौरान एक युवक डूबने लगा तो दूसरा भी उसे बचाने के प्रयास में डूब गया। झुन्झुनूं के सदर थाना इलाके के दोरादास गांव में एसी में डाली जाने वाली गैस का सिलेण्डर फटने से एक मैकेनिक और उसके हेल्पर की मौत हो गई। ये दोनों गांव में एक फ्रिज ठीक करने गये थे जहां से वापस लौटते समय उनकी मोटरसाईकिल पर रखा सिलेण्डर फट गया जिससे एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा घायल हो गया जिसे डॉक्टरों ने अस्पताल में मृत घोषित कर दिया।

000

हीटवेव प्रबंधन के तहत जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में करीब 74 लाख रुपये की लागत से एसी, कूलर और ठण्डे पानी के लिए वाटर कूलर लगाए जाएंगे। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने इन संसाधनों को खरीदने के लिए मंजूरी जारी कर दी है। इस बीच भीषण गर्मी और लू–तापघात की स्थिति को देखते हुए शहर के जयपुरिया अस्पताल में भी व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया गया है। अस्पताल में कूलर, पंखों और एसी की संख्या में बढ़ोतरी के साथ ही, अन्य सुविधाओं में भी इजाफा किया गया है। अस्पताल के नोडल अधिकारी खेमाराम यादव ने बताया कि इसके साथ ही रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर और अन्य स्थानों पर छाया के लिए ग्रीन नेट भी लगवाई गई है।

000